British
High Commission
New Delhi

BSES
BSES Yamuna Power Limited

प्रेस रिलीज

8.11.2016

# स्मार्ट मीटरिंग के लिए बीवाईपीएल ने की यूके की कंपनी सेंसस के साथ साझेदारी

वैश्विक स्तर पर युटिलिटी–ग्रेड स्मार्ट मीटर और कम्युनिकेशन सिस्टम्स की आपूर्ति करने वाली कंपनी सेंसस ने भारत–यूके टेक समिट के दौरान बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड यानी बीवाईपीएल के साथ एक साझेदारी की है। इस साझेदारी के तहत बीवाईपीएल, स्मार्ट ग्रिड और भारत की युटिलिटीज के लिए सेंसस की एडवांस्ड मीटरिंग सॉल्यूशन का ट्रायल के आधार पर इस्तेमाल कर पाएगी। यह तकनीकी ट्रायल तीन से चार महीनों में शुरू होगा और यह भारत में सेंसस स्मार्ट मीटरिंग नेटवर्क स्थापित करने को सहज बनाएगा।

सेंसस का फ्लेक्सनेट एडवांस्ड मीटरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर सॉल्यूशन, बीवाईपीएल की कवरेज, क्षमता और लंबी अवधि की स्मार्ट ग्रिड जरूरतों को पूरा करेगा। खास बात यह होगी कि इसमें अलग से बहुत अधिक निवेश की भी आवश्यकता नहीं पड़ेगी। लंबी दूरी के रेडियो में पहुंच की अद्भुत क्षमता है जिससे सभी आवेदकों के लिए सिंपल और रॉबस्ट आर्किटेक्चर उपलब्ध करया जा सके। इसके अलावा, यह स्टेट–ओन्ड युटिलिटी को बिजली चोरी और डेटा लॉस को कम करने तथा बिलिंग और कलेक्शन प्रक्रिया में सुधार लाने में मदद करेगा। पांच महादेशों में परिचालन और सेवा सुविधाओं के साथ, युटिलिटी इंफ्रास्ट्रक्चर सिस्टम्स तथा संसाधनों के संरक्षण में सेंसस एक वैश्विक लीडर है।

**सेंट जॉन गौल्ड, डायरेक्टर, यूके ट्रेड एंड इकनॉमिक्स, इंडिया ने कहा:**

स्मार्ट मीटर सॉल्यूशंस पर यूके फर्म सेंसस और बीवाईपीएल के बीच साझेदारी को देखकर मुझे खुशी हो रही है। यह सबके लिए बिजली के, भारत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में एक कदम है। यह भारत और यूके के बीच शानदार साझेदारी है और मुझे विश्वास है कि यह अपनी संभावनाओं के अनुरूप परिणाम देगा।

इस बारे में बीएसईएस चेयरमैन श्री ललित जालान ने कहाः इस इंडो–यूके ट्रेड साझेदारी का हिस्सा बनकर हम काफी खुश हैं। मैं बीवाईपीएल और सेंसस के बीच के इस सहयोग को लेकर काफी उत्साहित हूं। बीएसईएस सुपरवाइजरी कंट्रोल एंड डेटा एक्विजिशन– स्काडा, ज्योग्राफिकल इंफर्मेशन सिस्टम– जीआईएस और अब स्मार्ट ग्रिड जैसी अत्याधुनिक तकनीकों के इस्तेमाल में हमेशा आगे रही है। इस साझेदारी से हमें बिजली वितरण व्यवसाय में अगले चरण की स्मार्ट टेक्नोलॉजी से लाभ उठाने तथा, और बेहतर करने में मदद मिलेगी।

इस साझेदारी के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए **बीवाईपीएल सीईओ श्री पी आर कुमार ने कहाः**

इस इंडो–यूके व्यावसायिक साझेदारी का हिस्सा बनकर हमें प्रसन्नता हो रही है। मुझे विश्वास है कि बीवाईपीएल की कवरेज, क्षमता और स्मार्ट ग्रिड्स की लंबी अवधि की जरूरतों को बहुत अधिक अतिरिक्त निवेश के बिना ही पूरा करने में सेंसस की यह तकनीक मदद करेगी। यह ट्रायल इस दिशा में हमारे प्रयासों में काफी जोर लाएगा और सेंसस की व्यापक वैश्विक दक्षता का हम लाभ उठा पाएंगे।

इंडिया–यूके टेक समिट में सेंसस का प्रतिनिधित्व कर रहे, **श्री गैरी कॉक्स, वाइस प्रेजिडेंस, स्ट्रेटजिक कस्टमर टीम ईएमईए एंड एपी, ईएक्स, ईएमईए एंड एपी**, ने कहाः

हम ट्रायल के लिए बीवाईपीएल के साथ साझेदारी करके आनंदित अनुभव कर रहे हैं। भारत जैसी उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं के लिए स्मार्ट ग्रिड टेक्नोलॉजीज आवश्यक हैं ताकि पुरानी लॉक–इन ऊर्जा इंफ्रास्ट्रक्चर को नजरअंदाज किया जा सके, निवेश की नई धाराओं को आकर्षित किया जा सके, प्रभावी और लचीला ग्रिड सिस्टम्स बनाए जा सकें जो कि ग्राहकों की ओर से बढ़ती बिजली की मांग को पूरा कर सकें और कई बिजली स्रोतों को हैंडल कर सकें। युटिलिटी इंफ्रास्ट्रक्चर सिस्टम्स और संसाधनों के संरक्षण में सेंसस एक वैश्विक लीडर है और यह

साझेदारी यूके–इंडिया तकनीकी सहयोग की गवाह है। हम यूके की नई तकनीकी खोजों को लाकर, तकनीकी गैप/ अंतर को भरने का उद्देश्य रखते हैं और इस तरह भारतीय बाजार के लिए एक मापदंड स्थापित करना चाहते हैं।

इस वक्त, करीब 32 प्रतिशत भारतीय शहरी इलाकों में रह रहे हैं। विभिन्न शहरों की भौगोलिक स्थितियां और वितरण ग्रिड द्वारा विभिन्न श्रेणियों के उपभोक्ताओं को दी जा रही सेवाओं को देखते हुए, शहरी स्मार्ट मीटरिंग कम्युनिकेशन नेटवर्क्स को तैनात करना काफी चुनौतीपूर्ण है। सेंसस के पास एक अनोखी क्षमता और विशेषज्ञता है जो इस बात को सुनिश्चित करती है कि डेटा या ऐनालिटिक्स प्लैटफॉर्म्स से समझौता किए बगैर, हमारी तकनीक मीटर की ऐसेट लाइफ और आधारभूत ढांचे का अनुकूलन कर सके। इस तरह, बीवाईपीएल के साथ एक सफल साझेदारी की आशा है।

**Notes to Editors**

Sensus has recognised that India is at the leading edge of smart city rollouts with its increased adoption of Internet of Things (IoT) technologies. It is this fast-paced, innovative spirit which led Sensus to recognise India as a strategic region, setting up its first global support center in Hyderabad. The support center re-affirms Sensus' commitment and partnership with India, as a swift emerging market, to create robust, flexible, future-proof and sustainable smart energy networks. This pivotal investment will not only give India the advantage of next-generation technology, but also support national business growth. With initiatives like the National Smart Grid Mission, Sensus can play a significant role in bringing India the right solutions and technology that will be easily adaptable, helping to making data-driven decisions that reduce water leaks, limit power outages, ensure the safe delivery of natural gas and turn a streetlight into a beacon of technology.

These projects, utilising state of the art technology, are Sensus' key area of expertise and experience, having been successful in one of the world's largest smart metering projects: The Great Britain Smart Metering Program - the UK Government's plan to put smart meters in millions of homes and small businesses by 2020 reported to produce economic benefits to the UK reaching £9.8 billion. Sensus technology is supporting the rollout of electric and gas smart meters to ten million locations in the northern region of Great Britain. Sensus is executing this rollout from its newly established operational office in Basingstoke, whose expansion accommodates the support this exciting project requires.